# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

(मानद विश्वविद्यालय)

**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़, जयपुर–302002**

## <u>निविदा प्रपत्र</u>

1. विषय : निविदा जिस कार्य/वस्तु के लिये दिया जा रहा है उसका नाम : Rate Contract for Supply of PET Bottles for Pharmacy, NIA Jaipur.

2. निविदादाता का पूरा नाम व पता : ........................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................................दूरभाष/मोबाईल नं.. ...................................................................................................................................................................................................................................

3. प्रेषित अधिकारी/कार्यालय का नाम : कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर।

4. आयकर व बिक्रीकर चुकता प्रमाण पत्र संलग्न है/नही है ।

5. धरोहर राशि .................... रूपये रसीद नं./डी.डी. नं. ..................दिनांक ......... राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम बनाकर संलग्न कर दिया गया है ।

6. मैं/हम निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तो को स्वीकार करते है और इससे बाध्य रहेगें ।

स्थानः

दिनांक :

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

(सूचक मय रबड़ स्टाम्प)

**राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर**
(मानद विश्वविद्यालय)
**भारत सरकार द्वारा संस्थापित)**
**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़,**
**जयपुर–302002 (राजस्थान)**

**निविदा शर्ते**

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन है जो आयुर्वेद को आगे बढाये जाने एवं उसका विकास करने के लिए विशिष्ट योग्यताधारी अध्यापकों, वैद्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन–अध्यापन, शोध कार्य करवाये जाने के साथ आयुर्वेद पद्दती से बिमारियों का ईलाज करता है, संस्थान के संपदा इकाई के लिए PET bottles की संलग्न सूची के अनुसार Pharmacy, NIA Jaipur हेतु Rate Contract किए जाने के लिए बाजार में कार्यरत फर्मों से सम्पूर्ण विवरण सहित ई–निविदा आमंत्रित करता है। ई–निविदा सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरी जायेगी।

| क. सं. | कॉन्ट्रेक्ट का नाम | निविदा अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | Rate Contract for Supply of PET Bottles for Pharmacy, NIA Jaipur | 1035000-00 | 20700-00 |

1. निविदादाताओं द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल पर निविदा निम्नलिखित प्रकार से भरी जायेगी –
2.

| क्र. सं. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर भरने की प्रारंभ तिथि एवं समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 30.04.2026 05:00 बजे से |
| 2. | प्री–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय | 05.05.2026 03:00 बजे से |
| 3. | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि एंव समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 21.05.2026 03:00 बजे से |
| 4. | धरोहर राशि का डी.डी. संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि | 21.05.2026 03:00 बजे से |
| 5. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22.05.2026 03:00 बजे से |

3. निविदादाता को धरोहर राशि **20700/–** का बैंक ड्राफ्ट Vice Chancellor, National Institute of Ayurveda (Payable at Jaipur) के नाम प्रेषित करना अनिवार्य होगा, चैक व एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी तथा बिना धरोहर राशि/अपर्याप्त धरोहर राशि के अभाव में प्रारम्भिक रूप से ही निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् धरोहर राशि लौटा दी जावेगी।

4. MSME एवं Startups निविदादाता फर्मों को वैध दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण पर नियमानुसार MSME/Startups के प्रावधानों का पालन किया जायेगा।
5. **मेक इन इंडिया उत्पादों को क्रय प्राथमिकता**–Class-I स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं, जैसा कि संबंधित नोडल मंत्रालय द्वारा विषिष्ट वस्तुओं/उत्पादों के लिए Public Procurement (Preference to Make in India), Order 2017 के क्रम में समय–समय पर संषोधित आदेषों एवं इसके बाद के आदेष/अधिसूचनाओं में परिभाषित किया गया है, को प्राथमिकता दी जायेगी। Class-I स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम स्थानीय सामग्री 50% होनी चाहिए। जिसमें स्थानीय सामग्री के प्रतिशत और उस स्थान का विवरण जहाँ स्थानीय मूल्यवर्धन किया जाता है, का उल्लेख हो। वांछित एवं वैध दस्तावेज के प्रस्तुत नही करने पर निविदादाता को क्रय प्राथमिकता प्रदान नही की जायेगी। एम.आई.आई. (मेक इन इंडिया) आदेष दिनांक 04.06.2020 के अनुसार केवल Class-I एवं Class-II ही निविदा भरने के पात्र होंगे।
6. निविदा फार्म सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा। निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 21.05.2026 को मध्यान्ह पश्चात् 03:00 PM बजे तक रहेगी ।
7. निविदा की Pre-Bid Meeting इच्छुक/संभावित निविदादाताओं के साथ संस्थान में दिनांक 05.05.2026 को 3:00 PM बजे रखी जायेगी।सभी इच्छुक/संभावित निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे Pre-Bid Meeting से पहले या उसके 24 घंटे के भीतर लिखित में अपने सुझाव या प्रतिवेदन, अगर कोई हो तो संस्थान की Email ID: nia.centralstore7@gmail.com या store-nia-rj@gov.in पर भेजें
8. फर्म द्वारा दी गयी दर फ्री टु डोर डिलीवरी के अनुसार होगी।
9. निविदा की वितीय एवं तकनीकी निविदा पृथक्–पृथक् होगी। वितीय निविदा में आमंत्रित की गई निविदा की दरें होगी जो CPP Portal पर Online भरी जायेगी तथा तकनीकी निविदा में चाहे गये वांछित दस्तावेज होगें जो ऑनलाइन ही अपलोड करने होंगे।
10. निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा में फर्म का जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र, किसी भी सरकारी/अर्धसरकारी/उपक्रमों के साथ कार्य अनुभव का प्रमाण, विगत 03 वर्षो के आयकर रिर्टन के सम्बन्ध में फर्म के बिल/सप्लाई आदेष की प्रति, फर्म के ब्लेकलिस्ट ना होने का शपथ पत्र/लेटर हेड पर घोषणा पत्र, इत्यादि से संबंधित दस्तावेज Upload करने होंगे।
11. निविदादाता फर्म पिछले 03 वर्ष से सम्बंधित समान या माल की आपूर्ति करनें में कार्यरत् होनी चाहिए इसके प्रमाणस्वरूप निविदादाता को पिछले 03 वर्षो में प्राप्त क्रय आदेशों की प्रतियां तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी।
12. निविदादाता का पिछले 03 वर्षों में अनुपातिक वार्षिक टर्नऑवर 500000/- होना आवश्यक है, जिसके संबंध में निविदादाता को तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ सी.ए. से सत्यापित पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13. निविदा के तकनीकी विनिर्देश **(Technical Specifications) Annexure-A** पर संलग्न है।
14. गुणवत्ता परीक्षण (Quality Inspection): तकनीकी बिड खुलने के 3 दिनों के भीतर प्रत्येक आइटम के सैम्पल निविदादाता को रसायनशाला में जमा कराना अनिवार्य है। सामग्री के सैम्प्ल्स निविदादाता को संस्थान मे बताए गए समय पर जमा नहीं किए जाने पर निविदा प्रक्रिया मे असफल घोषित कर दिया जाएगा तथा गुणवत्ता परीक्षण मे सफल पाए गए सैम्प्ल्स की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।
15. निविदादाता द्वारा दरें निर्धारित BOQ में भरकर CPP Portal पर Online Upload करनी होगी। निविदा में दरें डेसीमल में मान्य नहीं होगी तथा अंको एवं शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता होने पर शब्दों में लिखी दरें मान्य होगी।

16. प्राप्त निविदाओं की तकनीकी निविदा संस्थान निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष दिनांक 22.05.2026 को 03:00PM बजे खोली जावेगी (कार्यालय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी)। तकनीकी निविदा जाँच मे केवल उन्ही फ़र्मों को शामिल किया जाएगा जिनके द्वारा सैम्प्ल्स संस्थान मे जमा किए जाएंगे तथा तकनीकी निविदा जाँच में सफल निविदादाताओं की ही वितीय निविदा खोली जावेगी तथा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
17. वितीय निविदा में सफल निविदादाताओं द्वारा निविदा में स्वीकृत दर के मूल्य का 5 प्रतिशत प्रफोरमेंस सिक्योरिटी राशि का डी.डी. राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम से जमा करवाना अनिवार्य होगा एवं 500/–के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र (निविदा के साथ संलग्न प्रारूप अनुसार) प्रस्तुत करना होगा उसके बाद ही कार्य आदेश दिया जावेगा।
18. निविदा में स्वीकृत दर की प्रभावशीलता समाप्त होने एवं दिया गया आदेशित कार्य पूर्ण होने के 60 दिन बाद प्रफोरमेन्स सिक्यूरिटी राशि लौटा दी जायेगी।
19. सफल निविदादाताओं द्वारा आदेश में अंकित दरों के अन्तर्गत आपूर्ति करनी होगी । आदेशित माल की आपूर्ति न करने पर धरोहर राशि/अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी । निविदादाता को संस्थान की आवश्यकता अनुसार उच्च गुणवत्ता की PET Bottles की आपूर्ति करनी होगी। निम्न गुणवत्ता की bottles पाये जाने पर उनको बदलकर आवश्यकतानुसार उच्च गुणवत्ता की PET Bottles की आपूर्ति करने के लिए निविदादाता बाध्य होगा।
20. आदेशित PET bottles की आपूर्ति फर्म द्वारा प्रत्येक आपूर्ति आदेश की तिथि से **15 दिवस** के भीतर अनिवार्य रूप से करनी होगी । निर्धारित समय में आपूर्ति न किए जाने की स्थिति में संस्थान को यह अधिकार होगा कि वह उक्त PET Bottles किसी अन्य फर्म से क्रय कर ले, जिसकी सूचना संबंधित फर्म को दी जाएगी। ऐसे में अन्य स्रोत से PET Bottles क्रय करने पर होने वाला **अतिरिक्त व्यय अनुबंधित फर्म से वसूल किया जाएगा अथवा संबंधित फर्म के बिल/सिक्युरिटी राशि से समायोजित किया जाएगा।** निर्धारित समयसीमा में आपूर्ति न करने पर, आदेशित/कार्यादेशित राशि पर **प्रति सप्ताह 0.5 प्रतिशत की दर से अधिकतम 10 प्रतिशत तक** की **Liquidated Damages (LD) पेनल्टी** अनुबंधित फर्म से वसूल की जाएगी।
21. सामग्री (PET Bottles) की **पूर्ण आपूर्ति एवं संतोषजनक निरीक्षण रिपोर्ट** प्राप्त होने के पश्चात ही भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। **अग्रिम भुगतान (एडवांस पेमेंट) का कोई प्रावधान नहीं होगा।**
22. यदि आपूर्ति किया गया सामान निर्धारित वजन या मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता हैं (सामग्री दोषपूर्ण पाई जाती है), तो पूरी खेप (Batch) अस्वीकार कर दीया जाएगा और निविदादाता/ फर्म को उस सामान को अपने खर्च पर 07 दिनों के भीतर बदलना होगा।
23. निविदा खुलने के बाद निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरें एवं शर्तो में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो संस्थान को उनकी अमानत राशि जब्त करने का अधिकार होगा । निविदादाता द्वारा निविदा की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने की दशा में संस्थान को हुई हानि की पूर्ति करने हेतु संस्थान को अधिकार होगा कि वह निविदादाता की धरोहर राशि/अमानत राशि को जब्त कर लें और अगर उससे भी हानि की पूर्ति न हो तो निविदादाता से शेष घाटे की पूर्ति करें ।
24. निविदा की वितीय निविदा खोलने पर सभी आइटमों में जिस फर्म की **ऑवरआल दरें न्यूनतम** होगी उसी फर्म को आपूर्ति आदेश दिया जायेगा।
25. दरों के न्यून होने के आधार पर संस्थान सामान क्रय करने के लिए बाध्य नही होगा।
26. माल सप्लाई करते समय रास्ते में टूट–फूट की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
27. प्राप्त निविदा की पूर्ण रूप से / आंशिक रूप से बिना किसी कारण बताए अस्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार संस्थान कुलपति महोदय को होगा ।

28. आवश्यकता की अनुमानित लागत की सम्पूर्ण खरीद के लिए संस्थान बाध्य नहीं होगा। यह केवल अनुमानित है । क्रय सीमा आवश्यकतानुसार घटाई–बढ़ाई जा सकती है तथा इसमें निविदादाता का कोई तर्क नहीं सुना जावेगा ।
29. फर्म द्वारा सन्तोषप्रद कार्य नही करनें/ **सामान** (PET Bottles) सप्लाई नहीं करने पर टेण्डर (निविदा) निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही करनें का अधिकार संस्थान कुलपति **महोदय को** होगा।
30. फर्म के प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार टी.डी.एस (TDS) राशि काटी जायेगी, जिसके लिए फर्म को निविदा फार्म के साथ पेन कार्ड की फोटो कॉपी देनी होगी ।
31. निविदादाता द्वारा दी गयी दर में जीएसटी व अन्य समस्त कर व खर्च सम्मिलित होगें।
32. निविदा कॉन्ट्रेक्ट **अनुबंध की** दिनांक सें एक वर्ष के लिए मान्य होगी तथा फर्म का कार्य सन्तोंषजनक होने पर आपसी सहमति से कुलपति महोदय की स्वीकृति उपरांत **निविदा की** अवधि प्रति वर्ष एक–एक **वर्ष** करके 03 साल तक बढायी जा सकती है तथा रेट कॉन्ट्रेक्ट की अवधि घटाये एवं बढ़ाने जाने का अधिकार श्रीमान कुलपति महोदय को होगा। इस पर सफल निविदादाता कोई ऐतराज नही कर सकता है तथा ना ही किसी अतिरिक्त भुगतान की मांग कर सकेगा।
33. सभी विवादों के निपटारे हेतु न्याय क्षेत्र जयपुर ही माना जावेगा ।

34. सफल निविदादाता कों PET Bottles संलग्न सूची के अनुसार सप्लाई करना होगा ।

-sd-

**संयुक्त–निदेशक (प्रशासन)**

## List of PET Bottles for Rate Contract

| Sr No | Description |
|---|---|
| **1.** | Bottle 50 ml (Amber Color) with Pet Bottle Cap (Silver Color) |
| **2.** | Bottle 100 ml (Amber Color) with Pet Bottle Cap (Silver Color) |

**Annexure-A**

## Bottle 50 ml (Amber Color) तकनीकी विनिर्देश (Technical Specifications)

| Sr No | Test Parameters | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | Description | Amber Color cylindrical plastic bottle with PET symbol on bottom. |
| 2 | Weight | 9.94 g ± 0.5g |
| 3 | Height | 91.58 mm ± 0.5mm |
| 4 | Diameter<br>i) Body<br>ii) Outer diameter Mouth<br>iii) Inner diameter Mouth | <br>35.78 mm ± 0.5mm<br>22.29 mm ± 0.5mm<br>19.55 mm ± 0.5mm |
| 5 | Symbol |   |

## Pet Bottle Cap 50 ml (Silver Color) तकनीकी विनिर्देश (Technical Specifications)

| Sr No | Test Parameters | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | Description | Silver color Aluminium Cap |
| 2 | Weight | 1.04 g ± 0.5g |
| 3 | Height | 16.76 mm ± 0.5mm |
| 4 | Diameter<br>i) Outer diameter<br>ii) Inner diameter | <br>25.68 mm ± 0.2mm<br>25.11 mm ± 0.2mm |

## Bottle 100 ml (Amber Color) तकनीकी विनिर्देश (Technical Specifications)

| Sr No | Test Parameters | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | Description | Amber Color cylindrical plastic bottle with PET symbol on bottom. |
| 2 | Weight | 12.33 g ± 0.5g |
| 3 | Height | 105.98 mm ± 0.5mm |
| 4 | Diameter<br>i) Body<br>ii) Outer diameter Mouth<br>iii) Inner diameter Mouth | <br>43.47 mm ± 0.5mm<br>22.27 mm ± 0.5mm<br>19.52 mm ± 0.5mm |
| 5 | Symbol |   |

## Pet Bottle Cap 100 ml (Silver Color) तकनीकी विनिर्देश (Technical Specifications)

| Sr No | Test Parameters | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | Description | Silver color Aluminium Cap |
| 2 | Weight | 1.04 g ± 0.5g |
| 3 | Height | 16.76 mm ± 0.5mm |
| 4 | Diameter<br>i) Outer diameter<br>ii) Inner diameter | <br>25.68 mm ± 0.2mm<br>25.11 mm ± 0.2mm |

500/-के नॉनज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर

**अनुबन्ध-पत्र**

# अनुबंध पत्र (Agreement Letter)

1. यह अनुबंध आज दिनांक .............................. को कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय जयपुर जिसका अर्थ प्रसंग आने पर कार्यालय में उनके उत्तराधिकारी से होगा (जिसे इसके बाद 'क्रेता' कहा जाएगाऔर ( **मेसर्स** ............................(जिसे इसके बाद 'अनुमोदित वितरक / आपूर्तिकरता' कहा जाएगा) के बीच संपन्न किया गया।
2. चूकि ................................ (अनुमोदित वितरक) कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा आदेशित **PET Bottles** की आपूर्ती करने पर सहमत हो गया है। अतः इसके संलग्न अनुसूची में सामान **PET Bottles** का विवरण मय नाम एवं दर इत्यादि का उल्लेख अनुसूची के कॉलम 2 से 4 में किया गया है।
3. चूँकि............................ (अनुमोदित वितरक) ने रूपये ................................ का डी.डी .संख्या ................................ दिनांक ................................ जो अनुबन्ध के उचित परिपालन के प्रयोजन के लिए प्रतिभूति के रूप में जमा कर दिया हैं, जिसे अनुबंध के सफल समापन के 60 दिवस बाद ही वापस किया जाएगा।
4. ................................ (अनुमोदित वितरक) साक्षियॉ प्रस्तुत करते हैं कि-:

(I) एतद् संलग्न अनुसूची में दी गई दरों पर कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के जरिये किये जाने वाले भुगतानों को ध्यान में रखते हुये ................................ (अनुमोदित वितरक) ................................ की निविदा दिनांक ................................की शतों में व दिये गये तरीकों के अनुसार संलग्न अनुसूची के कॉलम 2 व 3 में वर्णित **PET Bottles** की कॉलम संख्या 5 में दी गई अवधि में उचित आपूर्ती का कार्य करेगा।

(ii.) निविदा विज्ञापन संख्या ................................ दिनांक ................................के साथ तथा अनुबन्ध के साथ भी संलग्न निविदा की शर्तों को इस अनुबंध के एक भाग के रूप में समझा जावेगा, जो इस अनुबन्ध को करने वाले दोनों पक्षों द्वारा मान्य होगा।

(iii.) निविदादाता................................ (अनुमोदित वितरक) से प्राप्त पत्र दिनांक ................................, और संस्थान द्वारा जारी पत्र क्रमांक ................................ दिनांक ................................ जो इस अनुबन्ध के साथ संलग्न हैं इस अनुबन्ध पत्र के अंश होगे

(iv.) संस्थान एतद् द्वारा इस बात पर सहमत होता है कि ............................... (अनुमोदित वितरक) उक्त तरीके से उपयुक्त **PET Bottles** की आपूर्ती का कार्य ठीक प्रकार से करेगा तथा निविदा की शर्तों को ध्यान में रखेगा एवं उनका पालन करेगा तो संस्थान ............................... (अनुमोदित वितरक) द्वारा **PET Bottles** के लिये प्रेषित बिल की देय राशि का उक्त शर्तों में दिये समय पर एवं उसमें बताये गये ढंग से कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के जरिये भुगतान करेगा अथवा करायेगा।

**5.** यह दर संविदा दिनांक तक [समाप्ति तिथि] से [प्रारंभ तिथि] **01 वर्ष** के लिए वैध रहेगी तथा इसे 01 – 01 वर्ष करके 03 वर्ष तक क्रेता की संतुष्टि और आवश्यकता के अनुसार आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है।

**6.** **PET Bottles** की आपूर्ती टेण्डर की शर्त संख्या 20 के अनुसार 15 दिवस में करनी होगी। आदेशित **PET Bottles** की आपूर्ति फर्म द्वारा प्रत्येक आपूर्ति आदेश की तिथि से **15 दिवस** के भीतर अनिवार्य रूप से करनी होगी । निर्धारित समय में आपूर्ति न किए जाने की स्थिति में संस्थान को यह अधिकार होगा कि वह उक्त सामग्री किसी अन्य फर्म से क्रय कर ले, जिसकी सूचना संबंधित फर्म को दी जाएगी। ऐसे में अन्य स्रोत से क्रय करने पर होने वाला **अतिरिक्त व्यय अनुबंधित फर्म से वसूल किया जाएगा अथवा संबंधित फर्म के बिल रिटी राशिसिक्यु/ से समायोजित किया जाएगा।** निर्धारित समयसीमा में आपूर्ति न करने पर, आदेशितकार्यादेशित राशि पर/ **प्रति सप्ताह 0.5 प्रतिशत की दर से अधिकतम 10 प्रतिशत तक** की **Liquidated Damages (LD) पेनल्टी** अनुबंधित फर्म से वसूल की जाएगी।

आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की जाने वाली बोतलों की गुणवत्ता तकनीकी विनिर्देश )Technical Specifications) के अनुरूप होगी। यदि आपूर्ति किया गया सामान निर्धारित वजन या मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता हैं (सामग्री दोषपूर्ण पाई जाती है), तो पूरी खेप )Batch) अस्वीकार कर दीया जाएगा और निविदादाता/ फर्म को उस सामान को अपने खर्च पर 07 दिनों के भीतर बदलना होगा।

**7.** स्वीकृत दरें अनुबंध अवधि के दौरान स्थिर रहेंगी और किसी भी परिस्थिति में बढ़ाई नहीं जाएंगी।

**8.** सामग्री की प्राप्ति और भौतिक सत्यापन (Physical Verification) के बाद बिल के भुगतान हेतु संस्थान के रसायनशाला द्वारा नियमानुसार लेखाशाखा को प्रेषित किया जाएगा। भुगतान पी एफ एम एस (सार्वजनिक वित्तीय प्रबन्धन सेवा) के माध्यम किया जाएगा।

**9.** अनुबन्ध से उत्पन्न होने वाले सभी विवाद एवं अनुबन्ध निर्वचन (Interpretation) से सम्बन्धित सभी प्रश्न कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा तय किये जावेगे एवं उसमें कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर का निर्णय अन्तिम होगा। उक्त साक्षी में पार्टियों द्वारा दिनांक ........... को अपने हस्ताक्षर कर दिये हैं।

हस्ताक्षर (क्रेता)
प्रथम पक्ष (कुलपति के प्रतिनिधि) (प्रशासन)
राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
नाम
पद

द्वितीय पक्ष हस्ताक्षर (आपूर्तिकर्ता)
नाम
पद

कार्यालय की मुहर: फर्म की मुहर:

दिनांक : -----

साक्षी (Witness):

साक्षी संख्या 1 साक्षी संख्या 1

नाम :

पिता का नाम :

आधार संख्या :

मोबाईल नम्बर :

पूर्ण पता :

साक्षी संख्या 2 साक्षी संख्या 2

नाम :

पिता का नाम :

आधार संख्या :

मोबाईल नम्बर :

पूर्ण पता :

अनुसूची

| क्र.सं. | सामान का नाम | मात्रा | अनुमोदित दर | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 01 | Bottle 50 ml (Amber Color) with Pet Bottle Cap (Silver Color) | | | |
| 02 | Bottle 100 ml (Amber Color) with Pet Bottle Cap (Silver Color) | | | |